'पानी घर-घर तक पहुंचना करें सुनिश्चित'

बीकानेर, 1 जुलाई। संभागीय आयुक्त श्रीमती वंदना सिंघवी ने कहा कि जन स्वास्थ्य और अभियांत्रिकी विभाग पूर्ण हो चुकी योजनाओं से घर-घर तक पानी पहुंचाना सुनिश्चित करें।

संभागीय आयुक्त ने सोमवार को पीएचईडी के विभिन्न अधिकारियों के साथ जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा करते हुए यह निर्देश दिए। सिंघवी ने उच्च जल ाशय व रा वॉटर रिजरवायर की पूर्णता और क्रियाशील ता स्थिति के संबंध में भौतिक सत्यापन करवा रिपोर्ट देने के भी निर्देश दिए। जल जीवन मिशन के कार्य में तेजी ल ाते हुए दिए गए ल क्ष्य के अनुरूप कार्य पूर्ण करने को कहा। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता के साथ समय पर कार्य पूर्ण करवाने के लि ए मोनिटरिंग के स्तर पर विशेष ध्यान दिया जाए। 80 प्रतिशत तक पूर्ण कार्य को आगामी रिव्यू से पहले पूरा किया जाए। ठेकेदारों के साथ बैठक करें, अधिकारी स्वयं फील्ड विजिट करें, काम में अनावश्यक देरी अस्वीकार्य है। गांव वार प्रगति की जानकारी ल ेते हुए संभागीय आयुक्त ने कहा कि बार बार निर्देश के बावजूद समुचित प्रगति नहीं हुई तो संबंधित के ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित की जाए। जेजेएम प्रोजेक्ट की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई और कहा कि मेजर प्रोजेक्ट में जहां टंकियां बन गई है।

एक पेड़ मां के नाम' विधायक व्यास ने धरणीधर मैदान में लगाया पौधा

शहरी क्षेत्र में होगा सघन पौधारोपण, चलेगा 'हरयाळो बीकाणो' अभियान

बीकानेर, 1 जुलाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास ने सोमवार को धरणीधर मैदान में ग्यारह लोगों के साथ पौधारोपण करते हुए 'हरयाळो बीकाणो' अभियान की शुरूआत की।

इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्तमान में हम भीषण गर्मी के दौर से गुजर रहे हैं। पशुओं और पक्षियों के साथ असहाय और वृद्ध ल ोगों के लि ए यह चुनौतीपूर्ण समय है। इससे बचने के लि ए पौधारोण ही एकमात्र उपाय है। इसके मद्देनजर शहर को हरा-भरा बनाने का संकल्प प्रत्येक व्यक्ति को ले ना होगा। विधायक ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इस दिशा में पहल करते हुए प्रत्येक व्यक्ति से अपनी मां के नाम पौधा ल गाने का आव्हान किया है। इसके मद्देनजर शहरवासी आगे आएं और पौधे ल गाने के साथ इनकी देखभाल करें। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के आव्हान पर उन्होंने अपनी दिवंगत मां की स्मृति में पौधारोपण किया। इसकी नियमित रूप से देखभाल की जाएगी। विधायक व्यास ने शहरवासियों को पत्र लि खते हुए इस अभियान में भागीदारी का आव्हान किया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी मां के नाम पौधा ल गाएं। शहर की बगीचियों, मंदिरों, कुओं, तालाबों, बावड़ियों, सार्वजनिक स्थानों और सरकारी कार्यालयों में अधिक से अधिक पौधारोपण हो। घरों में गमलों में लगने वाले पौधों भी ल गाए जाएं। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में आगामी दिनों में 'हरयाळो बीकाणो' अभियान चलाया जाएगा, इसके तहत अलग-अलग स्थानों पर सघन पौधारोपण करवाया जाएगा।

'एक पेड़ मां के नाम' विधायक जेठानंद व्यास ने धरणीधर मैदान में पौधा लगाया।

परिवहन विभाग में इंटरनेट सेवा ठप

बीकानेर। जिला परिवहन कार्यालय बीकानेर के लि ए इंटरनेट सेवा जी का जंजाल बन गई हैं। पिछले शुक्रवार से इंटरनेट की समस्या बनी हुई हैं।आज सुबह से ही ऑफिस खुल ते ही इंटरनेट बंद मिला जो देर शाम तक बंद ही रहा।जिससे ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन संबंधी काम बाधित होते रहे। खास कर उन लोगो को परेशानी हुई जो अन्य जिले अथवा राज्य से चल कर अपने ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन कार्यों के लि ए आरटीओ कार्याल य पहुंचे ल ेकिन इंटरनेट नही चल ने से गर्मी में भूखे प्यासे ऑफिस में घूमते रहे। हाल ांकि ड्राइविंग ल ाइसेंस शाखा के कार्मिकों ने अपने मोबाइल अथवा डोंगल से इंटरनेट चल ाकर कुछ राहत प्रदान की।उधर वाहन संबंधी कार्य से जुड़ी शाखाओं में भी इंटरनेट सेवा बिल कुल ठप्प रहीं।वाहन रजिस्ट्रेशन,आरसी रिन्यूअल , चाल ान संधारण,कर चुकता प्रमाण पत्र, फिटनेस,परमिट से जुड़े काम प्रभावित हुए। बीकानेर सिटीजन एशोसिएसन के एडवोकेट हनुमान शर्मा ने बताया कि संभाग का सबसे बड़ा कार्याल य होने के बावजूद बीकानेर परिवहन कार्याल य में आए दिन कभी,सर्वर डाउन,कभी इंटरनेट बंद,कभी बिजल ी गुल जैसी समस्याएं बनी रहती है,ले किन जिल ा प्रशासन और परिवहन विभाग इस और बिल्कुल भी ध्यान नहीं देता।

सार-समाचार

कंधे का विशेष तकनीक से ऑपरेशन

बीकानेर। विश्व डॉक्टर्स दिवस पर पीबीएम ट्रॉमा सेंटर के चिकित्सकों ने कबड्डी खिल ाड़ी के कंधे का दूरबीन द्वारा निशुल्क ऑपरेशन कर अनूठा कार्य कर दिखाया है। ट्रॉमा सेंटर के प्रभारी एवं अस्थिरोग विभागाध्यक्ष डॉ बी एल खजोटिया ने बताया कि 8 माह पूर्व कबड्डी खेल ते समय खिल ाड़ी के दाएं कंधे पर चोट आ गई थी जिससे रोगी को कंधे की बीमारी बैंकार्ड ल ीजन हो गई थी जिसके कारण रोगी का बायां कंधा बार बार उतर जाता था। परेशानहाल रोगी ने पीबीएम ट्रॉमा सेंटर स्पोर्ट्स इंजरी इकाई में डॉ बी एल खजोटिया को अपना कंधा बताया तब उन्होंने दूरबीन से कंधे के ऑपरेशन के निणन्य लि या । डॉ खजोटिया की टीम ने मुख्यमंत्री आयुष्मान योजना के तहत ट्रॉमा सेंटर में रोगी के कंधे का विशेष एंकर्स ल गाकर दूरबीन से सफल ऑपरेशन किया। टीम में डॉ संजय तंवर, डॉ अजय बाकोलि या, डॉ पीरू सिंह भाटी, नर्सिंग ऑफिसर मेघाराम शामिल थे। डॉ खजोटिया ने बताया कि बीकानेर में पीबीएम ट्रॉमा सेंटर में ल ंबे समय से घुटनों के लि गामेंट का दूरबीन से ऑपरेशन किया जा रहा है अब कंधे की शल्य चिकित्सा भी शुरू कर दी गई है।

ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई 4 को

बीकानेर, 1 जुलाई। राज्य सरकार द्वारा आमजन की समस्याओं एवं परिवेदनाओं के निस्तारण के लि ए त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था की गई है। सहायक निदेशक (लोक सेवाएं) ने बताया कि त्रिस्तरीय जनसुनवाई के तहत जुल ाई माह के प्रथम गुरुवार (4 जुल ाई) को ग्राम पंचायत स्तर, द्वितीय गुरुवार (11 जुल ाई) को उपखंड स्तर तथा तृतीय गुरुवार (18 जुल ाई) को जिल ा स्तर पर जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। शिविरों में प्राप्त परिवेदनाओं को तीन दिवस के भीतर राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला कलेक्टर के निर्देश अनुसार सभी उपखंड अधिकारियों, विकास अधिकारियों और राजस्व तहसील दारों को जनसुनवाई आयोजित करने के लि ए कहा गया है।

बेबी किट वितरण

बीकानेर। महावीर इंटरनेशनल के स्थापना दिवस उपल क्ष्य पर स्वर्णिम जयन्ती वर्ष प्रारम्भ सेवा सप्ताह के प्रथम दिन प्रथम सेवा कार्य के रूप में वात्सल्य प्रोजेक्ट के अंतर्गत स्वस्थ मातृत्व व सुरक्षित नवजात शिशुओं का संकल्प ल े सदस्यों ने सेवा कार्य की शुभ शुरूवात की ।आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, गजनेर कोल ायत मे 50 बेबी किट उपहार स्वरूप प्रदान कर माताओं को स्वच्छता व स्तनपान व संतुलित भोजन जैसे महत्वपूर्ण विषय पर जागरूक किया। संपूर्ण देश में 100 से अधिक केंद्र वात्सल्य प्रोजेक्ट के माध्यम से देश भर में सेवा कार्य को कर रहे है। स्वास्थ्य केन्द्र के डॉ चंद्रशेखर, डॉ. शुभम चारण, नर्सिंग स्टॉफ नील म चौधरी, गंगा देवी व ए. न .म .गोपी हर्ष और गंगाशहर केन्द्र के अध्यक्ष वीर टोडर मल चोपड़ा, वीर चन्द्र कुमार राखेचा, वीर विनोद डागा, वीरा अंजु जैन उपस्थित रहे वीर टोडर मल चोपड़ा ने संस्था का परिचय व किये जाने वाले सेवा कार्यों की जानकारी दी डॉ.चन्द्र शेखर जी ने संस्था का आभार व्यक्त किया।

नगरपालिका अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा

गजसिहपुर। पिछले ल ंबे समय से कस्बे की बिगड़ी सफाई व्यवस्था व अन्य समस्याओं को ले कर आज कस्बे वासियों ने पालि का अध्यक्ष चमकौर सिंह को ज्ञापन सौंपा।इस कस्बे में ल ंबे समय से गंदे पानी की निकासी नहीं होने व सड़कों की नियमित सफाई नहीं होने तथा आवारा पशुओं के कारण आज कस्बे के नागरिक मांगी ल ाल विश्नोई के नेतृत्व में नगरपालि का पहुंचे परंतु अधिशासी अधिकारी के नहीं मिल ने पर रोष जताया व अधिशाषी अधिकारी की अनुपस्थिति से पालि का अध्यक्ष चमकौर सिंह को कस्बे की समस्याओं से अवगत कराते हुए उन्हें ज्ञापन सौंपा व समस्याओं के निराकरण की मांग की। इसमें सड़कों व नालि यों की नियमित सफाई व आवारा पशुओं की व्यवस्था करने, कचरा निस्तारण प्लांट जल्द शुरू करने, भूखंडों के पट्टे व खांचा भूमि आवंटन करने की मांग की।

'इलाज के लिए डॉक्टर्स पर भरोसा एवं समन्वय जरूरी'

बीकानेर। विश्व डाक्टर दिवस पर आज सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बीकानेर के वरिष्ठतम डाक्टरो का सम्मान किया। सामाजिक कार्यकर्ता भूरमल सोनी, प्रणाम सोनी, राजकुमार पांडिया, महावीर कुमार सहदेव ल क्ष्मण सहदेव ने शहर के वरिष्ठतम डा धनपत कोचर, डा .आर पी अग्रवाल , डा महेश चन्द्र दाधीच, डॉ एम शाबिर , डॉ.एस एन हर्ष का साफ़ा ,शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया।

डॉ गुरूजित कौर डा.मनीष बोथरा,मुदित शर्मा, दीपक बारिया,अनिल खत्री,जे के खत्री,गिरिष तना, तमन्ना माल ावत,मनीषअग्रवाल ,शरद रावत आदि युवा डाक्टरों का भी तिल क व माल ा पहनाकर स्वागत किया गया।

डाक्टर आर पी अग्रवाल ने कहा मरीज इल ाज को ले कर डॉक्टर पर अविश्वास न करें भरोसा व सहयोग, संयम की भावना रखकर इल ाज करवाए। वरिष्ठ डॉ धनपत कोचर ने कहा कि आइसीयू के पेशेंट के साथ आये तिमारदारों को पेशेशं के साथ चिकित्सकों पर शक न करते विश्वास रखना होगा तभी इलाज सफल होता है।

श्याम अग्रवाल ने कहा कि आजकल डाक्टरों के प्रति अविश्वास की भावनाओ के कारण आये दिन ल ड़ाई झगड़ा होना चिकित्सक पेशे के लि ए ठीक नहीं है। डा.एस एन हर्ष ने वरिष्ठ नागरिकों के इल ाज के लि ए डाक्टरों द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा सेवाओं एवं जीवन शैली की जानकारी दी। डॉ गुरूजित कौर एच ओ डी एपेक्स अस्पताल ने सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा डाक्टरों के सम्मान के लि ए आभार जताया।

उन्होंने कहा कि अस्पताल ों में सामाजिक कार्यकर्ता अहम भूमिका निभाकर दुर्घटनाग्रस्त की मदद करना सराहनीय है।

अंतरराष्ट्रीय रंग मल्हार 7 को

बीकानेर, 1 जुलाई। हर वर्ष की भांति इस बार भी अच्छी बारिश की कामना के लि ए 15वें रंग मल्हार का आयोजन 7 जुल ाई को किया जाएगा।

मानसून में होने वाल ा यह आयोजन भारत के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी होगा। कार्यक्रम संयोजक और युवा चित्रकार सुनील दत्त रंगा ने बताया कि रंग मल्हार एक दिवसीय कल कार्यशाला है, जो वरिष्ठ अंतरराष्ट्रीय चित्रकार मान विद्यासागर उपाध्याय की प्रेरणा से वर्ष 2009 में जयपुर से शुरू हुई। आज देश विदेश में इसका आयोजन होता है। गत 14 वर्षों में अल ग-अल ग माध्यमों पर कल ाकारों द्वारा कल ा कार्य किया जाता है। अब तक मास्क, पंखी, झंडे, टी शर्ट, बेग, छाता, साइकिल , ल ाल टेन, चाय की केतल ी आदि पर कल ाकारी दिखाई है। इस बार आर्टिस्ट एप्रन पहनकर चित्रकारी करेंगे। बीकानेर में यह आयोजन धोरा अंतरराष्ट्रीय कल ाकार समूह,भोज कल ा प्रन्यास, रोटरी क्लब रॉयल्स एवं रोटरी क्लब अपराइस के सहयोग से होगा।

लोकतंत्र सेनानी नारायणदास रंगा का अभिनन्दन किया

बीकानेर । वरिष्ठ समाजवादी विचारों के संवाहक उच्च राजनैतिक मूल्यों को जीने वाले वरिष्ठ पत्रकार नारायणदास रंगा 'शेरे' का रंगा धरणीधर पंचायत ट्रस्ट द्वारा राज रंगा बगेची परिसर स्थित सभागार में भव्य अभिनन्दन समारोह राजरंगा पंचायती ट्रस्ट की ओर से किया गया।

इस अवसर पर नारायणदास रंगा का मंत्रोचाराण के साथ माल्यार्पण, उपरना एवं श्रीफल कमल रंगा, शिवकुमार रंगा, बद्री रंगा, धमेन्द्र रंगा सहित गणमान्य लोगों ने अर्पित किया। अभिनन्दन समारोह के बारे में बताते हुए वरिष्ठ साहित्यकार कमल रंगा एवं पूर्व पार्षद शिवकुमार रंगा ने कहा कि समाज के लि ए गौरव की बात है कि गत दिनों प्रदेश के मुख्य मंत्री भजनल ाल शर्मा द्वारा नारायण दास रंगा 'शेरे' का जो सम्मान बतौर ल ोकतंत्र सेनानी के रूप में किया गया।

बीकानेर मे लोकतंत्र सेनानी नारायणदास रंगा का अभिनन्दन किया।

वह समाज ही नहीं बीकानेर के लिए गर्व की बात है। रंगा वरिष्ठ पत्रकार एवं उच्च राजनैतिक मूल्यों को निर्वहन करने वाले बहुआयामी व्यक्तित्व है। इस संदर्भ में ट्रस्ट के पूर्व सचिव भैरूरतन रंगा एवं ट्रस्ट के उप सचिव इन्द्रजीत रंगा ने कहा कि नारायणदास रंगा आपातकाल के दौरान पूरे दो वर्ष कारागृह में रहकर ल ोकतंत्र की रक्षा की।

करंट से नील गाय को मारने पर उपजा रोष, जीव प्रेमियों ने किया प्रदर्शन

बीकानेर, वन्य जीवों को खेत में घुसने से रोकने के लि ए करंट से मारने को ल ेकर मुख्य नहर की आरडी 827 जीव प्रेमियों ने प्रदर्शन कर सड़क पर जाम ल गा दिया। जानकारी के अनुसार बज्जू के आरडी 827 पर किसान हरचन्दराम के खेत पर बाहरी क्षेत्र के किसान खेती का काम करते हैं, जो रात को खेत में वन्य जीवों के घुसने पर करंट ल गाकर मार देते हैं। एक दिन पहले की घटना के बाद शुक्रवार को फिर से घटना होने पर जीव प्रेमियों में रोष उत्पन्न हो गया और कार्रवाई को ले कर बज्जू-छतरगढ़ सड़क को जाम कर दिया। जीव प्रेमी सुभाषचंद्र करीर व मदन बेनीवाल ने बताया कि ल ंबे समय से गुपचुप तरीके से जीवों को मारा जा रहा था। सूचना पर बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचे और प्रशासन को चेताया। इस दौरान महिपाल , श्रीचंद पूनियां, दीपक, राकेश, शेषकरण, प्रेम खिचड़ व बड़ी संख्या में जीव प्रेमी मौजूद रहें।

मौके पर पहुंचे जीव प्रेमियों ने बताया कि खेत में काश्त करने वाले नील गाय को करंट ल गाकर मार चुके थे। इसके बाद किसी की नजर ना पड़े। इसके लि ए खेत में ही गड्ढा बनाकर दफनाने की तैयारी कर चुके थे। इस पर जीव प्रेमियों ने देख लि या और प्रशासन को अवगत करवाया।

घटना के बाद मौके पर वन विभाग व पुलि स टीम पहुंच गई और कार्रवाई का आश्वासन दिया, ल ेकिन ना मुकदमा दर्ज किया, ना ही पोस्टमार्टम हुआ। इस पर नील गाय के शव को ल ेकर बज्जू-छतरगढ़ सड़क जाम कर दिया। इस दौरान करीब तीन घण्टे तक रास्ता बंद रहा और मौके पर पोस्टमार्टम किया गया। क्षेत्रीय वन अधिकारी धर्मपाल चोपड़ा ने बताया कि मामले में दो जनों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार में कृष्ण बावरी पुत्र महंगाराम निवासी 5 पी गंगानगर व उसके नाबालि ग पुत्र को गिरफ्तार किया व जांच शुरू कर दी है।

ध्वजारोहण करके सीए दिवस मनाया

बीकानेर। दि इंस्टिट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ़ इंडिया कि बीकानेर ब्रांच शिव वैली स्थित आईसीएआई भवन में सुबह 9:00 बजे ब्रांच अध्यक्ष सीए जसवंत सिंह बैद के द्वारा ध्वजारोहण करके 76वां सीए दिवस मनाया इस कार्यक्रम में ब्रांच उपाध्यक्ष सीए हेतराम पूनिया ब्रांच सचिव सीए अभय शर्मा ब्रांच सिकासा अध्यक्ष सीए राहुल पच्चीसिया ब्रांच कार्यकारिणी सदस्य सीए अंकुश चोपड़ा सीए राजेंद्र ल ुनिया सीए बृज गोपाल दैया सीए कुशल दफ्तरी सीए माणक चंद कोचर सीए राकेश जाखड़ सीए वीरेंद्र सुराणा सीए मोहम्मद असल म सीए नंदकिशोर बजाज सीए श्रीकांत ओझा सीए मेहुल प्रताप बिश्नोई सीए वसीम राजा सीए व अन्य सीए सदस्य विद्यार्थी उपस्थित रहे।

सिंचाई अधिकारी पूरा पानी देने को लेकर निरन्तर प्रयासरत

श्रीगंगानगर। गंगनहर प्रणाली का माह जून के लि ये 2500 क्यूसेक शेयर निर्धारित था, जिसके विरूद्ध आरडी संख्या 45 पर घटकर ल गभग 1998 क्यूसेक हो गया था। वर्तमान में राजस्थान पंजाब बोर्डर पर स्थित खखा हैड पर ल गभग 1500 क्यूसेक पानी प्राप्त हो रहा है।

अधीक्षण अभियंता धीरज चावल ा ने बताया कि पंजाब में धान की बिजाई होने के कारण फिरोजपुर फीडर से निकल ने वाली पंजाब की नहरों में पानी पूरा किया जाकर कमी को बीकानेर कैनाल में डाल देते है, जिस कारण पानी की मात्रा घट जाती है। मुख्य अभियंता हनुमानगढ़ जयपुर द्वारा प्रमुख शासन सचिव जल संसाधन पंजाब चण्डीगढ़ से गंगकैनाल क्षेत्र में सूख रही फसल ों के बचाव के लि ये पानी बढ़ ाने का अनुरोध किया गया, जिसके सकारात्मक परिणाम आये और पानी की मात्रा 2169 क्यूसेक प्रवाह रहा।

पंजाब भाग में स्थित बीकानेर कैनाल पर इस अवधि के दौरान काफी संख्या में अवैध पाईपें ल गाकर पंजाब के किसानों द्वारा अपने खेतों में पानी का उपयोग करने के कारण गंगनहर प्रणाली में रेगुले शन प्रभावित होता है। जिसके लि ये गश्ती दलों का गठन किया गया है।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com, Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- RajKaj Ref 8042052 **विज्ञप्ति** दिनांक : 13.6.2024
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चक 7 ई छोटी मुरब्बा नं. 11 के किला नं. 3, 4, 7, 8 में भूखण्ड माप 3650 वर्गगज का व्यावसायिक पट्टा सं. 9197 दिनांक 09.12.2010 द्वारा श्री विरेन्द्र राजपाल पुत्र श्री राधेश्याम राजपाल निवासी 82 जी ब्लॉक, श्रीगंगानगर के नाम जारी है। उक्त भूमि का जरिये रजिस्ट्री खरीद कर ऑनलाईन नामान्तरण SGNR/FY22-23/MUT/169 दिनांक 9.6.2022 द्वारा श्री प्रभा हाईट्स प्राईवेट लिमिटेड श्रीगंगानगर जरिये डायरेक्टर श्री रमेश कुमार मक्कड़ पुत्र श्री दर्शन दास निवासी 604 विनोबा बस्ती, श्रीगंगानगर के नाम जारी है। आवेदक द्वारा न्यास में आवेदित भूखण्ड में 5 हिस्सों में उपविभाजन हेतु आवेदन किया गया है। प्रार्थी द्वारा चक 7 ई छोटी मुरब्बा नं. 11 के किला नं. 3, 4, 7, 8 में दक्षिण दिशा में श्रीगंगानगर-हनुमानगढ़ 150 फीट चौड़ी सड़क पर स्थित आवासीय रूपान्तरित यथाकुल भूखण्ड माप 3650 वर्गगज भूखण्ड की पश्चिमी सीमा जो किला नं. 3 की पश्चिमी किला लाईन भी है, से पूर्व दिशा की ओर क्रमशः 42 फीट चौड़ाई में (भूखण्ड माप 592.27 वर्गगज), किला नं. 3 की पश्चिमी किला लाईन से 42 फीट दूरी छोड़ते हुये 34 फीट चौड़ाई में (भूखण्ड 594.77 वर्गगज), किला नं. 3 की पश्चिमी किला लाईन से 76 फीट दूरी छोड़ते हुये 29 फीट चौड़ाई में (भूखण्ड 589.34 वर्गगज), किला नं. 3 की पश्चिमी किला लाईन से 105 फीट दूरी छोड़ते हुये 26 फीट चौड़ाई में (भूखण्ड 592.62 वर्गगज), किला नं. 3 की पश्चिमी किला लाईन से 131 फीट दूरी छोड़ते हुये जो कि किला नं. 3 में 34 फीट चौड़ाई में एवं किला नं. 4 में 15 फीट चौड़ाई जो आवेदित भूखण्ड की पूर्वी सीमा बनाती है यथा उपविभाजन हेतु आवेदित पूर्वी भाग की कुल 49 फीट चौड़ाई में (भूखण्ड 1281 वर्गगज) आवेदित है। कुल 5 भूखण्डों का उपरोक्तानुसार उपविभाजन बाबत (नगरीय क्षेत्र भूखण्डों का उपविभाजन, पुनर्गठन और सुधार) नियम 1975 के नियम 6 के अधीन न्यास में आवेदन किया है। अतः उक्त वर्णित भूखण्ड के उपविभाजन बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। 07 दिवस पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2024/3696 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 01.07.2024
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री भारत भूषण जैन पुत्र श्री घनश्याम दास जैन निवासी म.नं. 2188 इंदिरा कॉलोनी, वार्ड नं. 19, तहसील पदमपुर जिला श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 2 ई छोटी मुब्बा नं. 67 के किला नं. 20 में माप 25 इंटू 47 फीट भूखंड सं. जीके-08, गोकुल-3 कुटुम्ब, श्रीगंगानगर	उक्त भूखंड का आवासीय पट्टा सं. 18216 दिनांक 25.1.2023 को श्री नौशाद पुत्र श्री इकबाल खां के नाम से जारी किया हुआ है। वर्तमान में उक्त भूखंड इन्हीं के नाम से दर्ज है।	श्री भारत भूषण जैन द्वारा उक्त भूखण्ड को पंजीकृत बैयनामा दिनांक 6.6.2024 के द्वारा क्रय कर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री भारत भूषण जैन पुत्र श्री घनश्याम दास जैन निवासी म.नं. 2188 इंदिरा कॉलोनी, वार्ड नं. 19, तहसील पदमपुर जिला श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यायल समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

कार्यालय जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा, बीकानेर
कोठी नं. 3 हनुमान हत्था, बीकानेर, दूरभाष नं.:- 0151-2205788,
E-Mail: adpcrmsabikaner@gmail.com
क्रमांकः- अति.जिपस / समसा / बीका / सिविल / 2024-25 / 12141 दिनांकः- 26.06.2024
ई-निविदा सूचना संख्या 04 (सिविल) /2024-25
(विद्यालय के निर्माण कार्य हेतु)
राज्य एवं केन्द्र सरकार के राजकीय / अर्द्धशासकीय / स्वायत्तशासी निकायों में सक्षम श्रेणी में निर्माण कार्यो हेतु पंजीकृत संवेदकों से समग्र शिक्षा पीएबी – 2018–19 (डाईट) एवं 2022–23 हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ई-निविदा दिनांक 26.06.2024 प्रातः 10.00 बजे से 05.07.2024 को सायं 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की न्यूनतम राषि 9.81 लाख एवं अधिकतम 13.81 लाख हैं। निविदा से सम्बधित समस्त विस्तृत विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता हैं।
UBN-RSE2425WSOB00316
अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक
राज.संवाद / सी / 24 / 1519 समग्र शिक्षा, बीकानेर

छात्रवृति 7 को वितरित की जाएगी

बीकानेर। शाकद्वीपीय ब्राह्मण उच्च शिक्षा समिति की बैठक श्यामोजी वंशज सेवग प्रन्यास भवन में गिरधर पंडित शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । संयोजक महेश भोजक ने बतल ाया कि 7 जुल ाई डागा मोहल्ला स्थित शिव शक्ति भवन में सात प्रतिभाशाली छात्रों को 35-35 हजार की छात्रवृति राशि प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा वहीं 15 प्रतिभाओं को 2500-2500 रू राशि प्रोत्साहन पुरस्कार के रूप में प्रदान की जाएगी। समिति के आर के शर्मा ने बताया कि इस वर्ष छात्रवृति के लि ये 11 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें 7 छात्र छात्राओं को छात्रवृति हेतु चुना गया जिनमें बीकानेर के प्रतीक शर्मा, तरूण शर्मा, दीपाली शर्मा, वंश शर्मा, मोनिल शर्मा व खुश्बु भोजक के अल ावा नागौर के दिव्यम शर्मा का चयन किया गया। प्रोत्साहन पुरस्कार के लि ये नोहर के सौरव सेवग व गौरव सेवग, नागौर से ध्रुव शर्मा, तरूण व्यास व माही शर्मा, बीकानेर से गर्वित शर्मा, केशव शर्मा, शिव प्रकाश शर्मा, वंशिका सेवग, जागृति सेवग, पूजा शर्मा व मोहित सेवग, ल ाडनूं से हेमंत भोजक व कन्हैया लाल भोजक, मेड़तारोड से अंकित शर्मा का चयन किया गया। यह कार्यक्रम सरदारशहर निवासी पूर्व प्राचार्य स्व. बजरंग ल ाल भोजक को समर्पित किया जा रहा है। कार्यक्रम में शिव अमृत हरि चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से तीन विशेष प्रतिभाओं को भी सम्मानित किये जाने का निणन्य लि या गया। बैठक में बजरंग ल ाल सेवग, गिरधर पंडित शर्मा उपस्थित थे।

डॉक्टर्स डे एवं सी.ए. डे पर स्कूली बच्चों ने की विशेष प्रार्थना सभा

श्री जैन पब्लिक स्कूल, बीकानेर में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया

बीकानेर। चिकित्सा एवं आपातकाल ीन सेवा क्षेत्र में अनवरत एवं निष्काम भाव से कार्य करने वाले डॉक्टर्स तथा वित्त एवं अर्थव्यवस्था की दुनिया में सीए द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका के लिए श्री जैन पब्लिक स्कूल, बीकानेर में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों द्वारा जटिल एवं असाध्य रोगों के निदान में किए गए उत्तरोत्तर विकास एवं मूल भूत चिकित्सा सेवाओं तथा देश एवं व्यापार जगत की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, वित्तीय मानकों में पारदर्शिता बनाए रखने तथा विकास के नए अवसर तलाशने के बारे में जानकारी साझा की गई।

इस अवसर पर शाला सचिव सीए माणक कोचर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए ऑडिटिंग, कराधान, ले खा, वित्तीय विश्लेषण, जोखिम प्रबंधन और कॉर्पोरेट कानून जैसी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। शाला की प्रधानाचार्या रूपश्री सिपानी ने विद्यार्थियों को चिकित्सा क्षेत्र से जुड़ी गहन जानकारी तथा आर्थिक एवं वित्तीय प्रबंधन के बारे में व्यवहारिक ज्ञान ले ने हेतु प्रेरित करते हुए चिकित्सा सेवा क्षेत्र एवं अर्थव्यवस्था में अहम भूमिका निभाने वाले डॉक्टर्स तथा सीए समूह का विशेष आभार जताते हुए स्वस्थ देश एवं व्यापार जगत के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रदान की।

विद्यार्थियों ने डाक्टर्स डे पर स्वास्थ्य सम्बंधी चित्र उकेरे।

विशेष टिकट चेकिंग अभियान में 23 लाख का राजस्व

बीकानेर। रेल मंडल पर अनाधिकृत या बिना टिकट यात्रा रोकने तथा आरक्षित कोचों में अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश की रोकथाम के लि ए 14 से 29 जून तक विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया।

इस अभियान में मंडल के वाणिज्य विभाग के अधिकारियों के नेतृत्व में विशेष टिकट चेकिंग दल गठित कर मंडल के बीकानेर-सूरतगढ़ - हनुमानगढ़ - बठिंडा तथा बठिंडा- सिरसा -भिवानी एवं हिसार -चूरू -बीकानेर के साथ ल ाल गढ़ - फलौदी -लाल गढ़ रेल मार्गों पर प्रतिदिन विभिन्न ट्रेनों में सुबह से देर रात तक टिकट चेकिंग में की गई।

प्रतिदिन ल गभग